## हिन्दी रचना

अधोलिखित में से उचित विकल्प चुनकर लिखो

1. "बधू + उत्सव" शब्द की सन्धि होगी
   (A) बधुत्सव (B) बधोत्सव
   (C) बधूत्सव (D) बध्योत्सव

2. "पुरोहित" इस पद में सन्धि है :
   (A) दीर्घ स्वर सन्धि (B) विसर्ग सन्धि
   (C) व्यंजन सन्धि (D) गुण स्वर सन्धि

3. "स्वस्ति" इस पद का सन्धि विच्छेद होगा :
   (A) सु + अस्ति (B) स्व + अस्ति
   (C) स्वा + स्ति (D) सु + स्ति

4. विसर्ग सन्धि है
   (A) राजेश (B) नमस्ते
   (C) पवन (D) सदाचार

5. "महेन्द्र" इस पद में सन्धि है :
   (A) दीर्घ सन्धि (B) गुण सन्धि
   (C) वृद्धि सन्धि (D) विसर्ग सन्धि

6. "कमल" शब्द का पर्यायवाची निम्न में से क्या नहीं है ?
   (A) पंकज (B) जलज
   (C) नीरद (D) नीरज

7. "आप स्नान <u>करों</u> ।" इसमें क्या अशुद्धि है ?
   (A) संज्ञा सम्बन्धी
   (B) विशेष्य सम्बन्धी
   (C) <u>क्रिया</u> सम्बन्धी
   (D) विशेषण सम्बन्धी

8. निम्न में से कौन सा शब्द सही है ?
   (A) दंलभ (B) दुलर्भ
   (C) दुर्लभ (D) दुंलभ

9. "सुवाच्य" का सही अर्थ है
   (A) सुडौल लेख
   (B) सुपठनीय लेख
   (C) सुलेख
   (D) इनमें से कोई नहीं

10. यह चिह्न "(;)" किस विराम चिह्न को प्रकट करता है ?
    (A) अल्पविराम (B) उद्धरण
    (C) अर्द्धविराम (D) पूर्ण विराम

11. शब्द भण्डार में वृद्धि करने की प्रमुख विधि है
    (A) एकालाप (B) विलाप
    (C) संलाप (D) वार्तालाप

12. निम्न में से सही शब्द चुनकर लिखिए :
    (A) हँस (B) हन्स
    (C) हस्स (D) हंस

13. सस्वर वाचन का अर्थ है
    (A) कवियों का लय पूर्ण गायन
    (B) लिखित भाषा का ध्वनात्मक पाठन
    (C) कहे हुये अंश का अनुकथन
    (D) ध्वनि नियम के अनुसार वर्णों का उच्चारण

14. "लो सूर्य डूब गया" इस वाक्य में सूर्य का अर्थ परिवर्तन का कारण है
    (A) माधुर्य (B) लघुता
    (C) समास (D) व्यंजना

15. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द "काल" का पर्यायवाची नहीं है ?
    (A) मृत्यु (B) समय
    (C) गति (D) अवसर

16. निम्नलिखित शब्दों में कौन सा शब्द वर्तनी रूप से शुद्ध है ?
    (A) सुसंस्क्रत (B) सुसंस्कृत
    (C) संसस्कृत (D) सूसंस्कृत

17. "अविवेकीकरण" का अर्थ है
    (A) अज्ञान (B) ज्ञान
    (C) विवेक (D) संस्कृति

18. "परावलम्बन" शब्द का विलोम होगा
    (A) परजीवी (B) परोपकार
    (C) स्वावलम्बन (D) कृतघ्न



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

19. निम्नलिखित शब्दों में "अज्ञान" शब्द का सही अर्थ है
(A) अंधेरा (B) मतिहीन
(C) उजाला (D) निरक्षरता

20. "पर्वत" शब्द का कौन सा पर्यायवाची नहीं है ?
(A) पहाड़ (B) नग
(C) अंबुधि (D) भूधर

21. "किसान" शब्द है
(A) तत्सम (B) देशज
(C) तद्भव (D) विदेशी

22. "पूरी तरह तैयार हो जाना" इस अर्थ के लिये मुहावरा प्रयुक्त होगा
(A) उल्टी गंगा बहाना
(B) उँगली पर नाचना
(C) ईद का चाँद होना
(D) कमर कसना

23. "यह काम मैं स्वयं कर लूँगा" रेखांकित शब्द में सर्वनाम का कौन सा भेद है ?
(A) गुणवाचक (B) संख्यावाचक
(C) परिमाणवाचक (D) निजवाचक

24. "जिसकी लाठी उसकी भैंस" में रेखांकित शब्द है
(A) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(B) पुरुषवाचक सर्वनाम
(C) निजवाचक सर्वनाम
(D) निश्चयवाचक सर्वनाम

25. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का अशुद्ध प्रयोग हुआ है ?
(A) मुझे इस बैठक की सूचना नहीं थी ।
(B) आपके आग्रह पर मैं दिल्ली जा सकता हूँ।
(C) वह स्वयं यहाँ नहीं आना चाहती ।
(D) मैं तेरे को एक घड़ी दूँगा ।

26. निश्चयवाचक सर्वनाम है
(A) कोई (B) क्या
(C) यह (D) कहाँ

27. निम्नांकित में कौन सा शब्द अनिश्चयवाचक है ?
(A) क्या (B) कुछ
(C) कौन (D) वही

28. निम्नलिखित में से किस वाक्य में "वचन" का सही प्रयोग हुआ है ?
(A) मेरी होश उड़ गई
(B) हमारे होश उड़ गई
(C) मेरे होश उड़ गये
(D) मैं होश उड़ गयी

29. "काम" का नाम बताने वाले शब्द को कहते हैं
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया (D) क्रिया विशेषण

30. "क्रिया" के मूल रूप को कहते हैं
(A) क्रिया
(B) धातु
(C) कर्म
(D) इनमें से कोई नहीं

31. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया है ?
(A) बालक पढ़ता है ।
(B) राम खाना खा चुका है ।
(C) गोपाल पानी लाओ ।
(D) अध्यापक ने लड़के को पढ़ाया ।

32. "वह सुधीर से पत्र लिखवाता है" इस वाक्य में "लिखवाता है" क्रिया का कौन सा रूप है ?
(A) अपूर्ण क्रिया
(B) संयुक्त क्रिया
(C) प्रेरणार्थक क्रिया
(D) पूर्वकालिक क्रिया

33. किस वाक्य में क्रिया का "संदेहार्थक" रूप प्रयुक्त हुआ है ?
(A) सदा सच बोलो
(B) वह जाना चाहता है ।
(C) तुमने अखबार पढ़ा होगा ।
(D) क्या तुम नहीं लिखोगे ?

34. अव्यय कितने प्रकार के होते हैं ?
(A) चार (B) पाँच
(C) तीन (D) छ:

35. "परिमाण वाचक क्रिया" विशेषण अव्यय है
(A) दिनभर (B) सर्वत्र
(C) नि:संदेह (D) अत्यन्त



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

36. विरामचिह्नों में सर्वाधिक प्रयोग किस चिह्न का होता है ?
(A) पूर्ण विराम
(B) विस्मयादिबोधक
(C) अल्प विराम
(D) प्रश्नवाचक चिह्न

37. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अल्प विराम का अशुद्ध प्रयोग हुआ है ?
(A) प्रिय, महोदय आपका पत्र मिला ।
(B) संविधान में हिन्दी राष्ट्रभाषा नहीं राजभाषा है ।
(C) गाँधीजी ने कहा था, आराम हराम है ।
(D) बस आप, रहने भी दें ।

38. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है ?
(A) कक्षा (B) काठ
(C) पुण्य (D) नक्षत्र

39. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए :
(A) अन्तरिक्ष (B) गाँव
(C) सुनार (D) अंधेरा

40. निम्नलिखित में तद्भव-तत्सम का कौन सा युग्म सही नहीं है ?
(A) आँसू – अश्रु
(B) भौरा – भ्रामर
(C) खीर – क्षीर
(D) सच – सत्य

41. निम्नलिखित शब्दों में तद्भव शब्द का चयन कीजिए :
(A) ठुमरी (B) फाल्गुन
(C) सियार (D) पगड़ी

42. निम्न में से कौन सा शब्द अमृत का पर्यायवाची नहीं है ?
(A) सोम (B) हेम
(C) पीयूष (D) अमिय

43. "कर्ण को <u>अधिरथ</u> सुत कहा गया है" इसमें रेखांकित शब्द का अर्थ है
(A) रथ हाँकने वाला
(B) रथ बनाने वाला
(C) पराक्रमी
(D) कोषाध्यक्ष

44. "गरीबों पर अत्याचार की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं" वाक्य में अत्याचार का अर्थ है
(A) अनाचार (B) दुष्कर्म
(C) उत्पीड़न (D) कुपोषण

45. "गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागूँ पाय" में गोविन्द शब्द का तात्पर्य है
(A) महेश (B) रमेश
(C) दिनेश (D) सुरेश

46. निम्नलिखित में से "आध्यात्मिक" का विलोम शब्द है :
(A) अंधविश्वास (B) नास्तिक
(C) स्वास्तिक (D) भौतिक

47. निम्नलिखित में से "व्यस्त" शब्द का विलोम शब्द क्या होगा ?
(A) अतिव्यस्त (B) अस्त-व्यस्त
(C) अव्यस्त (D) अभ्यस्त

48. निम्नलिखित में से "अभिराम-अतिराम" के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए :
(A) प्रात:काल रुकावट
(B) लगातार-सुन्दर
(C) सुन्दर-लगातार
(D) सामर्थ्य-उन्नीत

49. "तुलसीदास जी" के पदों में रस प्रधान है .
(A) शांत (B) श्रृंगार
(C) वीर (D) हास्य



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न क्र. **50** से **55** तक प्रश्नों में वाक्यांशों / अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द के लिये चार-चार विकल्प दिये गये हैं, उनमें से एक सही विकल्प बताइए :

**50.** जो वाणी द्वारा व्यक्त न किया जा सके
(A) आत्म साक्षात्कार
(B) स्वानुभूति
(C) अनिर्वचनीय
(D) रहस्य

**51.** ग्रहों के घूमने का वक्रमार्ग
(A) कक्षा (B) वलय
(C) वृत (D) परिवृत

**52.** कमल युक्त जलाशय
(A) पद्माकर (B) सरोवर
(C) शतदल (D) नीरज

**53.** सन्तान का इच्छुक
(A) प्रजेप्सु (B) अभिलाषी
(C) अनुरागी (D) वात्सल्य

**54.** किसी प्रश्न का तत्काल उत्तर दे सकने वाली बुद्धि
(A) कुशाग्रबुद्धि (B) प्रतिभासम्पन्न
(C) प्रत्युत्पन्नमति (D) प्रज्ञाचक्षु

**55.** बहुत समय तक जीवित रहने वाला
(A) वृद्ध (B) महात्मा
(C) चिरंजीवी (D) चिरस्थायी

**निर्देश** : निम्नलिखित **दो** प्रश्नों (**56** व **57**)में चार-चार वाक्य दिये गये हैं, इनमें से एक वाक्य सही है, सही वाक्य का चयन कीजिए :

**56.** (A) उसने बुद्धिमानी का कार्य किया
(B) उसने बुद्धिमानिता का कार्य किया
(C) उसने बुद्धमाननीय का कार्य किया
(D) उपर्युक्त सभी

**57.** (A) तुम चलो, हम आता हूँ ।
(B) तुम चलो, मैं आता हूँ ।
(C) तुम चलो, मैंने आता हूँ ।
(D) तुम चला, स्वयं आता हूँ ।

**58.** ''उच्चारण'' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) उ (B) उच्च
(C) उच् (D) उत्

**59.** ''अभ्युदय'' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) अ (B) अभि
(C) अभ्य (D) अभ

**60.** ''प्रत्युपकार'' शब्द में कितने उपसर्ग हैं ?
(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) कोई उपसर्ग नहीं

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न क्रमांक **61** से **70** तक प्रश्नों में मुहावरों / कहावतों के अर्थ स्वरूप चार विकल्प दिए गए हैं, इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए

**61.** आसमान पर थूकना
(A) ऊपर की ओर थूकना
(B) किसी की प्रशंसा करना
(C) प्रतिष्ठित व्यक्ति की निंदा करना
(D) अधिक लाभ लेकर बेचना

**62.** घड़ों पानी पड़ना
(A) शर्मिंदा होना
(B) अच्छी तरह स्नान करना
(C) शीतलता प्राप्त करना
(D) स्वच्छता प्राप्त करना

**63.** खून खौलना
(A) बहुत क्रोधित हो जाना
(B) बहुत भयभीत हो जाना
(C) बहुत उत्साहित हो जाना
(D) बहुत हानि हो जाना

**64.** फूँक-फूँककर कदम रखना
(A) धीरे-धीरे आगे बढ़ना
(B) अत्यन्त भयभीत होना
(C) आडम्बरपूर्ण जीवन व्यतीत करना
(D) सावधानीपूर्वक कार्य करना



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

65. लोहे के चने चबवाना
(A) कठिन संघर्ष करना
(B) किसी को परेशान करना या पराजित करना
(C) परेशानी में होना
(D) कठिन परिश्रम के लिये प्रेरित करना

66. ऊँट किस करवट बैठता है ?
(A) ऊँट किसी करवट नहीं बैठता
(B) पूर्वानुमान न हो सकना
(C) किंकर्त्तव्यविमूढ़ स्थिति में होना
(D) भविष्य का पूर्वाभास हो जाना

67. ऊधो का लेना ना माधव को देना
(A) तटस्थ रहना / निश्चित रहना
(B) नारी प्रसंग से दूर रहना
(C) निर्गुण ब्रह्म को मानना
(D) सगुण ब्रह्म को मानना

68. खग जाने खग ही की भाषा
(A) पक्षियों की अपनी भाषा होती है ।
(B) अपने वर्ग के लोगों की बात लोग भली-भाँति समझते हैं ।
(C) संकेतों के माध्यम से भाषा को समझना ।
(D) मूक भाषा की जानकारी होना ।

69. पहले तोलो फिर बोलो
(A) सोच समझकर बात करना चाहिए
(B) तौलते समय बात नहीं करनी चाहिए
(C) आचरण में नैतिकता होनी चाहिए
(D) वाणी से नहीं कर्म से श्रेष्ठता होनी चाहिए

70. भेड़ की खाल में भेड़िया
(A) देखने में बहादुर, किन्तु वास्तव में कायर
(B) देखने में भेड़िया, किन्तु वास्तव में भेड़
(C) देखने में क्रूर, किन्तु वास्तव में सरल
(D) देखने में सरल, किन्तु वास्तव में धूर्त

71. "भिक्षुक" शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(A) उक (B) अक
(C) क (D) अ

72. "भवदीय" शब्द में प्रत्यय है
(A) य (B) अ
(C) ईय (D) दीय

73. "ग्रामीण" शब्द का सही प्रत्यय विन्यास है
(A) ग्राम + मीठा (B) ग्राम + ईन
(C) ग्रामी + ण (D) ग्राम्य + यण्

74. स्त्री प्रत्यय युक्त शब्द है
(A) नशीला (B) भवदीय
(C) याचिका (D) भिक्षुक

75. "विद्" प्रत्यय का मूल अर्थ है
(A) विदा होना (B) त्यागना
(C) बैठक (D) जानने वाला

76. निम्नांकित में कौन से शब्द में विशेषण है ?
(A) नम्रता (B) मिठास
(C) शीतलता (D) सच्चा

77. "आलस्य" शब्द का विशेषण क्या है ?
(A) आलस (B) आलसी
(C) अलस (D) आलसीपन

78. "अच्छा विद्यार्थी" में विद्यार्थी शब्द क्या है ?
(A) विशेषण (B) विशेष्य
(C) गुण (D) संज्ञा

79. किस वाक्य में योजक का अनुचित प्रयोग हुआ है ?
(A) विराम-चिह्नों का प्रयोग सीखें ।
(B) कुछ कपड़ा-लत्ता है कि नहीं ।
(C) वह घर-घर भीख माँगता है ।
(D) जन्म-मरण तो ईश्वर के अधीन है ।

80. "सुनो, क्या तुमने यह खबर सुनी है ? गांधीजी जो राष्ट्रपिता थे, उनका निधन हो गया । शोक ! महाशोक !!"
उपरोक्त वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(A) पूर्ण विराम
(B) उद्धरण
(C) अर्द्ध विराम
(D) विस्मयादिबोधक

81. अल्पविराम का प्रयोग किस वाक्य में सही हुआ है ?
(A) आप, आए और, आपका बेटा नहीं, आया
(B) अच्छा, अब कब मिलेंगे ?
(C) तुम्हें, जो करना, हो कर लो,
(D) आत्मा, अजर, अमर और अविनाशी है।

82. निम्नलिखित में कौन सा शब्द सदैव स्त्रीलिंग में ही प्रयुक्त होता है ?
(A) बुढ़ापा (B) हिमालय
(C) बनावट (D) लड़कपन

83. स्त्रीलिंग शब्द है
(A) नगर (B) ऋतु
(C) सोमवार (D) चैत्र



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**निर्देश** : (प्रश्न क्रमांक **84** से **87** तक) शब्द की वर्तनी के चार रूप दिये गये हैं, इनमें से शुद्ध वर्तनी चुनिए :

**84.** (A) अंलकार (B) अलॅंकार
(C) अलंकार (D) अलकांर

**85.** (A) अध: पतन (B) अधोपतन
(C) अधपतन (D) अधापतन

**86.** (A) मनुदौर्बल्य (B) मनोदौर्बल्य
(C) मनदौर्बल्य (D) मनश्दौर्बल्य

**87.** (A) पुर्नविचार (B) पुर्निविचार
(C) पुर्नरविचार (D) पुनर्विचार

**निर्देश** : (प्रश्न क्रमांक **88** से **91** तक) दिए गए शब्द के वर्तनी विश्लेषण स्वरूप चार-चार विकल्प दिए गए हैं, एक सही विकल्प चुनिए :

**88.** ज्योत्सना
(A) ज् + अ + ओ + त् + स + न् + आ
(B) ज् + य + ओ + त् + स् + अ + न् + आ
(C) ज् + ओ + त् + ष् + न + आ
(D) ज् + ओ + त् + स् + न + आ

**89.** शुद्धता
(A) श् + ऊ + द्ध + आ + त् + अ
(B) श् + उ + ध् + द् + ता
(C) श् + उ + द्ध + त + अ
(D) श् + उ + द् + ध् + अ + त् + आ

**90.** मनोवृत्ति
(A) म् + न + उ + व + र + त + त् + इ
(B) म् + अ + न् + ओ + व् + ऋ+ त् + त् + इ
(C) म् + न + अ: + व् + र + त् + इ
(D) स् + न् + अ + ओ + व + र + त् + इ

**91.** सौन्दर्य
(A) स् + उ + न् + अ + द् + अ + र् + य
(B) स् + ओ + न् + द् + अ + य् + र + अ
(C) स् + औ + न् + द् + अ + र् + य् + अ
(D) स् + ऊ + न् + द + र + य + अ

**निर्देश** : (**92** से **95** तक) प्रश्नों में प्रत्येक शब्द के चार विकल्प दिये गये हैं, इनमें से एक पर्यायवाची नहीं है उसे चुनिए :

**92.** आकाश
(A) व्योम (B) श्रान्ति
(C) अम्बर (D) गगन

**93.** ऊर्जा
(A) ओज (B) स्फूर्ति
(C) ऊष्मा (D) शक्ति

**94.** कमजोर
(A) अशक्त (B) दुर्बल
(C) अक्षीण (D) निर्बल

**95.** बादल
(A) अम्बुद (B) वारिज
(C) जलधर (D) मेघ

**96.** "कपाट" शब्द का तद्‌भव रूप है
(A) कपट (B) किवाड़
(C) कपटी (D) कवाड़

**97.** "घी" शब्द का तत्सम रूप है
(A) घृत (B) घृति
(C) धृति (D) घति

**98.** अन्नजल में कौन सा समास है ?
(A) तत्पुरुष (B) द्वन्द्व
(C) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव

**99.** द्विगु समास का उदाहरण है
(A) नीलकमल (B) दोपहर
(C) कमलनयन (D) सेनापति

**100.** जिस समास में प्रथम पद विशेषण और दूसरा विशेष्य होता है, उसे कहते हैं
(A) द्वन्द्व समास (B) तत्पुरुष
(C) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/